सांध्य दैनिक
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 81 | इंदौर, गुरुवार 03 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. 5000 करोड़ की ड्रग्स केस: आरोपी तुषार का कांग्रेस से है तगड़ा कनेक्शन? भाजपा ने लगाया बड़ा आरोप, मांगा जवाब
2. West Asia Unrest: हूतियों ने इस्राइल पर किया ड्रोन हमला; ईरान के राष्ट्रपति बोले- हम युद्ध नहीं चाहते...



### नशे के रोकथाम व अश्लीलता पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु

## नगरीय प्रशासनिक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी का 'आदित्य की आवाज़' अखबार परिवार द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया



### विजयवर्गीय ने सभी को नवरात्रि की अग्रिम शुभकामनाएं दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में बेरोकटोक नशे का कारोबार बड़े स्तर पर किया जा रहा है व इसके पैडलर आसानी से युवाओ को अपना शिकार बना रहे है जिससे कई घर तबाह होने की स्थिति में है।पिछले दिनों भागीरथपुरा में भाजपा की सदस्यता क्े लिये आये मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाई व बताया की किस तरह पूरा क्षेत्र नशे के आग़ोश में रहता है जिससे हम महिलाओं का घर से निकलना भी दूभर हो गया हैं जिस पर मंत्री जी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन को आदेशित किया की तत्काल इन नशे के सौदागरों पर कार्यवाही कर इनके धंधों को बंद किया जाये जिस पर प्रशासन की कार्यवाही के बाद काफी हद तक रोक भी लगीं है ..इसी तारतम्य में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार मानने व धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु संस्था 'आदित्य'द्वारा उनका अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्था क्े संयोजक सचिन नीमा ने बताया की शहर में नशे के कारोबार पर मंत्री जी ने जिस तरह से अंकुश लगाया व पिछले दिनों एक युवती द्वारा 56 दुकान व मेघदूत चौपाटी पर जिस तरह से भोंडा प्रदर्शन किया गया व माँ अहिल्या की नगरी की मर्यादा को तार तार किया गया उस पर भी श्री विजयवर्गीय द्वारा तत्काल एक्शन ली गयी इसी हेतु उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करने व अभिनंदन कर उन्हें सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर सर्वश्री भरत राठौर, अमर गोमे,विनोद निगम,जैन साहब,रूपेश वर्मा,मनीष शिंदे,रवि खिंची,प्रवीण मौर्य, सुरेश वर्मा,उमेश पांडे,पवन लासुरकर,पुष्पेंद्र मौर्य आदि उपस्थित थे।

## क्रिश्चियन कॉलेज के लापता प्रिंसिपल एक माह बाद लौटे

**इंदौर।** करीब एक महीने तक लापता रहे क्रिश्चियन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अमित डेविड इंदौर लौट आए हैं। उन्होंने 1 अक्टूबर को ड्यूटी भी जॉइन कर ली। साथ ही बिना सूचना जाने, किडनैप, विवाद सहित सारे कारणों से इनकार किया। यह दावा किया कि मैं पूरे समय वेस्ट बंगाल में था। वहां ग्रामीण इलाके में नेटवर्क नहीं मिलता था इसलिए गफलत हुई। साथ ही कहा कि मैं इतना बड़ा व्यक्ति नहीं हूं, जिसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हो। डॉ. डेविड 31 अगस्त से कॉलेज नहीं आए थे। पूरे समय उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ रहा। नजदीकी लोगों के मुताबिक उन्होंने न तो अवकाश के लिए कोई आवेदन दिया था और न ही उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति ली थी।

# मधुर स्वरलहरियों के साथ गरबा नृत्य के माध्यम से शक्ति की भक्ति आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नवरात्रि में आयोजित होने वाला शहर का प्रमुख साकेत ना गरबा के प्रति हर साल की तरह लोगों में उत्साह है। यह उत्साह न केवल गरबा करने वालों में बल्कि गरबा देखने वालों में भी देखा जा रहा है। गरबा की शानदार प्रस्तुति देने के लिए गरबा करने वाले पूरा मन लगाकर प्रेक्टिस कर रहे हैं। 3 अक्टूबर से साकेत नगर में गरबे की शानदार प्रस्तुति का शुभारंभ हो जाएगा। इसके बाद हर दिन गरबा गीतों की मधुर स्वरलहरियों के साथ बालिकाएं, युवतियां, युवक और महिलाएं गरबा नृत्य के माध्यम से शक्ति की भक्ति करेंगी। साकेत ना गरबा के आयोजक नीरज याग्निक ने बताया



कि इस वर्ष में साकेत ना गरबा में कई आकर्षण होंगे। इस बार नंदी और शिव-शक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां भी गरबा प्रेमियों को लुभाएंगी।

**आर्ट ऑफ लिविंग का नवरात्रि महोत्सव-** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की इंदौर इकाई तीन अक्टूबर से नवरात्रि का पर्व मनाएगी। आश्रम से आए स्वामी विष्णपाद के साथ सहज समाधि ध्यान व एडवांस मेडिटेशन कोर्स साधकों के लिए किया है। 6 अक्टूबर को गायिका जगती धनक के साथ गरबा उत्सव और 7 अक्टूबर की शाम की द्रौपदी की आत्मकथा डॉ.माधवी पटेल द्वारा की जाएगी। 8 अक्टूबर से तीन दिवसीय सुबह और शाम से वैदिक होम कार्यक्रम आश्रम से आए पंडितों द्वारा किया जाएगा। जिसकी पुर्णाहुति 10 अक्टूबर को सुबह चंडी होम के साथ होगा। आयोजकों के अनुसार सभी प्रोग्राम ओमनी रेजीडेंसी में होंगे और यह सभी के लिए खुला रहेगा। प्रोग्राम की शुरुआत 3 अक्टूबर को सुबह 6 बजे आर्ट ऑफ लिविंग कोर्स किए साधकों के साथ विशेष महा सुदर्शन क्रिया के द्वारा किया जाएगा।

# कांग्रेस पार्षद फावड़ा लेकर उतरे टंकी में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में सुखलिया ग्राम वार्ड के एक कांग्रेस पार्षद ने गांधी जयंती पर पानी की टंकी की सफाई की। इस टंकी से 5 लाख से अधिक की आबादी को पेयजल सप्लाई होता है, लेकिन टंकी में मटमैला पानी और गाद भरी थी। जिसे फावड़े से कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया ने निकाला।**

पार्षद ने कहा इंदौर सफाई में नबंर वन है, लेकिन फिर भी यहां वर्षाजनित रोग हो रहे है। डेंगू, चिकनगुनिया कई क्षेत्रों में फैला है। लोग पिलिया, टाइफाइड के शिकार हो रहे है। इसकी सबसे बड़ी वजह है दूषित पानी की सप्लाई। शहर की पानी की टंकियां समय पर साफ नहीं होती। इससे लोग बीमार हो रहे है। बुधवार को पार्षद 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर फावड़ा लेकर गए। टंकी में जगह-जगह गाद थी और पानी मटमैला था। निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर टंकी से गाद निकाली गई और उसे केमिकल से धोया गया।इस पानी की टंकी से वार्ड क्रमांक 22, वार्ड क्रमांक 33 और वार्ड क्रमांक 27 में पानी का सप्लाई होता है। सुखलिया ग्राम, न्याय नगर, प्राइम सिटी, सुंदर नगर के बहुत सारे सेक्टर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लोग इस टंकी का पानी पीते हैं, लेकिन यहां दूषित पानी की शिकायत भी काफी ज्यादा आती है।

## बुर्के जैसी ड्रेस माता मूर्ति को पहनाने पर बवाल, हिंदूवादी थाने पहुंचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के खजराना में बुर्के जैसी ड्रेस माता मूर्ति को पहनाने की जानकारी मिलने के बाद हिंदूवादी थाने पहुंच गए। यहां पुलिस से मूर्तिकार और उसे नौ दिन के लिये स्थापित करने वाले को लेकर कारवाई की बात करने लगे। टीआई इसके बाद मौके पर पहुंचे। उनहोंने जांच की तो इस तरह की बात नही मिली। लेकिन हिंदूवादी ने शिकायत देकर कारवाई की बात कही है। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक हिंदूवादी नेता लक्की रघुवंशी अपने साथियों के साथ थाने आए। उन्होंने खजराना इलाके में रहने वाले बंगाली कारीगर पर बुर्के वाली माताजी बनाने को लेकर आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तफ्तीश की तो बुर्के जैसी बात नही मिली। लेकिन मूर्तिकार को बाद में थाने लेकर आया गया। पुलिस ने जानकारी निकाली तो मूर्ति बनाने वाला कारीगर हिंदू निकला है। वही उसे लक्की चौहान निवासी मालवीय नगर ने बनवाई थी। पुलिस ने उससे भी बुलाकर पूछताछ की है। पुलिस ने कारवाई को लेकर आवेदन लिया है।

# आईटी उद्योगों में भी सभी श्रम कानून लागू होते हैं : अनिल मलिक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में हाल ही में 28 सितंबर को HRs ( एच.आर) का एक इवेंट व्हाइट हाउस होटल में हुआ जिसमें 100 से ज्यादा HRs (एच.आर)ने भाग लिया और जिसमें अनिल मलिक जी का उद्बोधन हुआ। जिन्हें इंडस्ट्री का 45 साल का अनुभव था. इस कार्यक्रम को करने में दामिनी अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही ,दामिनी अग्रवाल के साथ उनकी टीम गौरव मौर्य, एनी भाटिया ,पद्मा राव, सुरभि शर्मा, अर्पिता सक्सेना, शिखा कोठारी ने भूमिका निभाई । इस इवेंट को सक्सेसफुल बनाने में स्पॉन्सर का बहुत बड़ा योगदान रहा है इस इवेंट में हर इंडस्ट्री के स्पॉन्सर थे ज़ेस्टनेक्सस, इंस्पायर हॉलिडे , गुड 4 गट ,बियॉन्ड बुके, प्रोश्योर है ।**

आईआरए (iHRA ) , इंदौर की एक एच.आर की कम्युनिटी है जो आईटी



इंडस्ट्री स्पेसिफिक है यह एचआरएस के लिए इवेंट, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप ऑनलाइन ट्रेनिंग करते हैं जिससे एच.आर को स्किल्स बढ़ाने में मदद मिले आईआरए का उद्देश्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है जिससे कि एच.आर एक दूसरे से जुड़े कनेक्शन बनाएं नेटवर्किंग करें, इस ग्रुप में जूनियर से एक्सपीरियंस एच.आर सब है । इसी के साथ iHRA द्वारा colleges मे भी प्रोग्राम कराए जाते है जीससे विद्यार्थियों को भी मार्गदर्शन मिले और वो अपने भविष्य के लिए तैयार हो सके।

इस कार्यक्रम में प्रमुख श्री अनिल मलिक का उद्बोधन रखा गया। अपने दो घंटे से अधिक के उद्बोधन में श्री अनिल मलिक ने यह स्पष्ट किया कि अधिकांश आईटी इंडस्ट्री के नियोक्ताओं और कुछ हद तक श्रम विभाग के अधिकारियों को भी यह भ्रम है कि उन पर कोई श्रम कानून लागू नहीं होता है, जबकि अन्य उद्योगों की तरह आईटी उद्योगों में भी सभी श्रम कानून लागू होते हैं। इसी भ्रम के कारण आईटी उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी अनेक सुविधाओं से वंचित रहते हैं और अपनी समस्याएं व्यक्त नहीं कर पाते।श्री अनिल मलिक ने युवा एच आर प्रोफ़ेशनल्स को मानव संसाधन से संबंधित कई मूल बातों की जानकारी दी गई जैसे आज भी शॉप एंड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत इन उद्योगों के कर्मचारियों को 14 सीएल और 30 पीएल मिलनी चाहिए, जबकि वहां सिर्फ 12 से 15 ही मिलती हैं। बिना नोटिस के कर्मचारियों को निकाल दिया जाता है, और मातृत्व अवकाश के आवेदन पर नौकरी से हाथ धोना पड़ता है। वर्क फ्रॉम होम अब समय की आवश्यकता बन चुकी है और इसे कानूनी रूप से लागू किया जाना आवश्यक है।

कर्मचारियों के रिटेंशन के लिए यह जरूरी है कि टारगेट के साथ-साथ कार्य स्थल का माहौल खुशहाल, प्रतिस्पर्धात्मक और सेवा शर्तों में लचीला हो। एचआर प्रोफेशनल्स को मित्र की तरह काम करना चाहिए, सूबे दर की तरह नहीं।

इस कार्यक्रम में एचआर प्रोफेशनल्स ने श्री अनिल मलिक के विचारों से प्रेरित होकर विभिन्न समस्याओं और समाधान पर चर्चा की। सभी एचआर प्रोफेशनल्स ने श्री अनिल मलिक के उद्बोधन में कही गई समस्त बातों को महत्वपूर्ण माना एवं पूरे कार्यक्रम को सराहा। साथ ही, ऐसे कार्यक्रम बार-बार आयोजित करने के सुझाव दिए।

# देवी पंडालों में सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से पुलिस की नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवरात्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट है। इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के बाद और भी सतर्कता रखी जा रही है। पुलिस ने समस्त गरबा आयोजकों को कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। निगरानी के लिए पुलिस भी ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल करेगी। इसके साथ ही उन लोगों की सूची भी बनाई जा रही है जो पूर्व में विवाद कर चुके हैं।**

पुलिस आयुक्त (एडीजी) राकेश गुप्ता ने बुधवार को डीसीपी से लेकर एसीपी तक की बैठक ली। सभी अधिकारियों से कहा कि गरबा पंडाल और दुर्गा पूजन स्थलों की सूची बनाएं। आयोजकों, सदस्यों का सत्यापन करें। आयोजन की अनुमति ली है या नहीं इसकी भी पड़ताल करें।

## संवेदनशील इलाकों में तैनात होगा अतिरिक्त बल

पहले कलेक्टर कार्यालय से अनुमति मिलती थी। कमिश्नरेट के बाद एसीपी कार्यालयों से अनुमति लेना पड़ती है। शांति व्यवस्था बनाने के लिए शांति समिति की बैठक करके नागरिकों से समन्वय स्थापित करें। सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल तैनात करने और ड्रोन कैमरे से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए। जो लोग पूर्व में विवादों में लिप्त हैं उन्हें बाउंड ओवर करने को भी कहा गया।

## प्रतिमा के वस्त्रों पर विवाद, मूर्तिकार से माफी मंगवाई

बंगाली चौराहे पर मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर हिंदू संगठन से जुड़े लोग भड़क गए। मामला खजराना थाने जा पहुंचा। लोगों का आरोप था कि मूर्ति बुर्के में बनाई गई है। मूर्तिकार राजू पाल ने कहा वह हिंदू है और मां की मूर्ति बनाई है। मां के साथ शेर, चूड़ियां, बिंदी सब है। इस मामले में मूर्तिकार से लिखित में माफी मंगवाई गई। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक राजू ने लिखित में कहा कि वह इस प्रतिमा को नहीं बेचेगा।

# सोता ही रह गया कर्मचारी, कार्डियक अरेस्ट की आंशका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पंढरीनाथ में रहने वाले एक 24 साल के युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह सोया तो उठा ही नही। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा है। मौत के पीछे कार्डियक अरेस्ट की आशंका जताई जा रही है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमन(24)पुत्र संतोष चौहान निवासी मोती तबेला को शाम 6 बजे मृत अवस्था में एमवाय लेकर आया गया। यहां डॉक्टरो ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बड़े पिता के बेटे अक्षय ने बताया कि अमन कपड़ा मार्केट में काम करता था। मंगलवार रात सोने के बाद सुबह उठकर वह काम पर नही गया। इसके बाद दोपहर में उठा तो उसे डेढ़ बजे के लगभग उल्टी हुई। घबराहट होने के चलते वह वापस सो गया। लेकिन शाम 6 बजे तक वह नही उठा। अमन की मां ने उसे अक्षय को कॉल किया तो वह घर पहुंचा। यहां अमन के शरीर में किसी तरह की हलचल नही थी। इसके बाद एंबुलेस से एमवाय ले गया। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।

# बीजेपी के सदस्यता अभियान में लगेगा फिल्टर

## क्रिमिनल केस और दो दलों की सदस्यता लेने वाले बाहर होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीजेपी के सदस्यता अभियान में फिल्टर लगाने का काम भी किया जाएगा। पार्टी संगठन अभियान पूरा होने के बाद सभी सदस्यों का वेरिफिकेशन करेगा। इस प्रोसेस में जो सदस्य संदिग्ध पाए जाएंगे, उनको बाहर कर दिया जाएगा।**

दरअसल, पार्टी संगठन को जानकारी लगी है कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी मिस्ड कॉल देकर बीजेपी की सदस्यता ले रहे हैं। ऐसे में हर वार्ड के शक्ति केंद्र की टोली अब सदस्यता अभियान के तहत बने सदस्यों की कुंडली निकालकर संगठन के पास पहुंचाएगी।

इंदौर में सदस्यता अभियान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि प्रदेश के सभी नगर अध्यक्षों, जिलाध्यक्षों और सदस्यता अभियान प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि पार्टी का सदस्य बनाते वक्त पूरी सावधानी बरती जाए। यदि ऐसे व्यक्तियों ने सदस्यता ले ली है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल होगी तो उनका वेरिफिकेशन करें। उनकी जानकारी संगठन के पास भेजें।

# बजरंग दल की शिकायत पर गरबा आयोजन निरस्त

## आयोजक पर लव जिहाद फैलाने का आरोप लगाया, पुलिस ने पंडाल-पोस्टर हटवाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ इलाके में होने वाला मूर्ति स्थापना और गरबा आयोजन बुधवार को निरस्त हो गया। इस संबंध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आयोजक पर लव जिहाद फैलाने का आरोप लगाया था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच की और आयोजन स्थल से टेंट, जगह-जगह लगे पोस्टर भी हटवा दिए। भंवरकुआ टीआई राजकुमार यादव ने बताया कि बजरंग दल रामेश्वर जिले के राम दांगी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में शिकायत की थी।

दांगी ने पुलिस से शिकायत की है कि भावना नगर में पिछले कई सालों से फिरोज खान शिखर गरबा मंडल के नाम से नौ दिवसीय मूर्ति स्थापना के साथ गरबे का आयोजन करता है। यह आयोजन लव जिहाद को बढ़ाने देने के लिये किया जाता है। उन्हें सोशल मीडिया से इस बात की जानकारी लगी है।

राम दांगी ने बताया कि जो मूर्ति पूजा पर विश्वास नहीं करते वह विधि विधान से किस तरह से नौ दिन पूजा अर्चना करेंगे। उन्होंने बताया कि 24 सितंबर को ही बजरंग दल इस तरह के आयोजनों में वर्ग विशेष के लोगों की एंट्री के खिलाफ पुलिस प्रशासन को अलर्ट कर चुका है।

चेतावनी के बाद विवाद की स्थिति को देखते हुए यह आयोजन पुलिस प्रशासन ने देर रात निरस्त कर दिया। यहां पहुंचकर पुलिस ने टेंट और अन्य सामान हटवाया। आयोजन की अनुमति दीपक हार्डिया के नाम से ली गई थी।

# पति ने लगाई फांसी, पत्नी ने देखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में पति ने सुसाइड कर लिया। पत्नी देर रात उठी तो पति को देखा। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक हेमराज (42) पुत्र श्याम लाल मुठेले निवासी टापू नगर ने फांसी लगाकर जान दे दी। रात में पत्नी उठी तो पति को फंदे पर देखा। परिवार ने बताया कि कुछ दिन से वह बहकी सी बात करते थे। उन्हें लगाता था किसी ने उनके उपर कुछ जादू टोना किया है। हेमराज के परिवार में उसके दो बच्चे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लाखों रुपए का गबन किया और आपस में रुपए बांटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर पुलिस ने एनराईज बाय सयाजी में हुए लाखों के गबन को लेकर होटल के ऑपरेशन डायरेक्टर और मैनेजर पर केस दर्ज किया है। उन्होंने अपने काम के दौरान वहां पर लाखों रुपए का गबन किया और आपस में रुपए बांटे। पुलिस अब उक्त मामले में शिकायत के बाद जांच कर रही है। विजय नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मनजय ठाकुर निवासी ग्रीन सिटी तलावली चांदा मैनेजर होटल शिप्रा लिमिटेड की शिकायत पर पुलिस ने सुनील पाल बैंक विवट मैनेजर होटल शिप्रा लिमिटेड राऊ और विजय उपाध्याय डायरेक्टर ऑपरेशन होटल शिप्रा लिमिटेड के खिलाफ 62 लाख 67 हजार की अमानत में खयानत करने के मामले में केस दर्ज कराया है। मनजय ने अपनी शिकायत में बताया कि दोनों ने साल 2022-23 में काम के दौरान इन रुपए का गबन किया। जब उन्होंने ऑडिट चेक किया तो पूरे मामले की जानकारी लगी। पूछताछ में उन्होंने चोरी करना कबूल किया है। इसके बाद उन्हें लेकर थाने में लिखित शिकायत की गई। पुलिस के मुताबिक कंपनी का ऑफिस विजय नगर में इसे लेकर यहां जानकारी दी गई थी।

# पति ने तीसरी पत्नी से दहेज के पांच लाख मांगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। महिला ने पति सहित परिवार के चार लोगों पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पूरा मामला जांच में लिया है। एमआईजी पुलिस के मुताबिक प्रतीक्षा निवासी एमआईजी की शिकायत पर पुलिस ने अंकित भंडारी निवासी सीआरवी रिजेन्सी फूटी कोठी, सुरेन्द्र भंडारी, ननंद नेहा कोठारी निवासी रामचंद्र नगर और ननदोई चेतन कोठारी के खिलाफ दहेज के लिये प्रताड़ित करने के मामले में कार्रवाई की है। प्रतीक्षा ने बताया कि उसकी पहली शादी रोहित से हुई। उसकी एक बेटी 8 और बेटा 4 साल की है। पति की गंभीर बीमारी से मौत होने के बाद 19 अप्रैल को परिवार की राजी मर्जी से अंकित भंडारी से शादी करवा दी। परिवार को जानकारी लगी थी कि अंकित की दो शादी पहले छूट गई है। उसने तीसरी शादी की है। शादी के तीन दिन बाद ही 22 को पति अंकित ने कहा कि पिता ने शादी में कम दहेज दिया है। मुझे दुकान खोलने के लिये पैसे चाहिए, ये पैसे अपने पिता से लेकर आओ। इसके बाद अंकित ने मानसिक रूप से परेशान किया और शादी के 5 दिन बाद ही मारपीट की। बच्चों ने बचाव करने की कोशिश की तो अंकित ने उन्हें भी धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। अंकित ने धमकी दी कि पुलिस से शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। ननंद नेहा और ननदोई चेतन को ने कहा कि 5 लाख रुपए लेकर आ जाओ। जिससे अंकित का काम शुरू हो जाएगा। तो वह परेशान नहीं करेगा। इसी बीच दादी की मौत होने पर मैं मायके जा रही थी तब अंकित ने गालियां दी और गाड़ी से गिराने की कोशिश की और मारपीट करने लगा।

**सियागंज के व्यापारियों की पहल**

# मिलावट करने वालों के साथ कभी नहीं करेंगे बिजनेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दि सियागंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन ने घोषणा की है कि मिलावट करने वालों की शिकायत करें, हम ऐसे लोगों का बाजार से बहिष्कार करेंगे। थोक बाजार से मिलावट वाला व्यापार करने वालों पर नकेल कसने के लिए यह एसोसिएशन आगे आया है। मिलावटी सामान बेचने वालों की जानकारी एसोसिएशन को देने की अपील की गई है।**

बीते साल व्यापारी एसोसिएशन ने ऐसी घोषणा की थी। इस साल एक व्यापारी की सदस्यता रद की गई थी। एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने अपील जारी करते हुए कहा है कि हम शहर और बाहर से आने वाले व्यापारियों और आम लोगों से अपील कर रहे हैं कि ऐसे सभी व्यापारी जो खाने-पीने की वस्तुओं में मिलावट कर रहे हैं, उनकी शिकायत जरूर की जाए। लोग बिना घबराए जानकारी एसोसिएशन तक पहुंचाएं।



जनता के स्वास्थ्य के साथ शहर के कारोबार की साख बचाने के लिए हम यह कदम उठा रहे हैं। बीते साल भी एसोसिएशन ने ऐसा ऐलान किया था। इसके बाद एक मिलावट का मामला प्रशासन ने पकड़ा था।उसकी सदस्यता हमने रद भी की थी। त्योहारों से पहले हम लोगों को आगे आने के लिए कह रहे हैं क्योंकि मिलावट करने वाले लोग इस समय सक्रिय हो जाते हैं। आमतौर पर ऐसे लोग सियागंज और मुख्य बाजार में मिलावटी सामान नहीं रखते बल्कि बाहर से आपूर्ति करते हैं। बीते साल प्रशासन ने इंदौर में हजारों किलो अमानक सौंफ पकड़ी थी। तीन व्यापारियों को मामले में आरोपित बनाया गया था। ये ग्रीन आक्साइड के हरे रंग से सौंफ को रंगकर आपूर्ति कर रहे थे। इस साल की शुरुआत में जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन ने एक फैक्ट्री का निर्माण तोड़ने की कार्रवाई की थी। इसके बाद सियागंज व्यापारी एसोसिएशन ने संबंधित व्यापारी की एसोसिएशन से सदस्यता रद करने का निर्णय लेते हुए बाजार से कारोबारी बहिष्कार की घोषणा की थी। मामले में शामिल अन्य व्यापारी की सदस्यता रद नहीं की गई।

कांग्रेस का स्पीक अप कैम्पेन पहले ही दिन विवादों में

# युकां प्रदेशाध्यक्ष ने शेयर किया गाना घर-घर में खौफ हो, भाजपा ने क्राइम ब्रांच में की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मप्र में बेटियों, महिलाओं के साथ हो रही रेप की घटनाओं के विरोध में कांग्रेस ने गांधी जयंती से बेटी बचाओ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के पहले ही दिन स्पीक अप कैम्पेन चलाया गया। इस कैम्पेन में कांग्रेस नेताओं ने वीडियो शेयर कर बेटियों, महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर सरकार और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कांग्रेस का यह अभियान पहले ही दिन विवाद में घिर गया है।**

एमपी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। मितेंद्र ने गाने को शेयर करते हुए लिखा- मप्र में लाड़ली बहना का एक और गाना, सुनिए और समझिए। इस गाने को लेकर बीजेपी ने आपत्ति जताते हुए भोपाल के क्राइम ब्रांच थाने में शिकायती आवेदन दिया है। हालांकि, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने विवाद मचने के बाद वीडियो डिलीट कर दिया है।

### लाड़ली बहना योजना का मजाक उड़ाया

बीजेपी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा ने भोपाल के क्राइम ब्रांच थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बीजेपी नेताओं की ओर से दिए गए आवेदन में लिखा कि मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने मप्र में सर्वाधिक लोकप्रिय लाड़ली बहना योजना का मजाक उडाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ भ्रामक वीडियो अपने सोशल मीडिया ङ्ग पर पोस्ट किया है।

### सीएम को राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश

शिकाय में कहा गया है कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के खिलाफ पोस्ट की गई वीडियो में शब्दों का जो चयन किया गया है। वह यह है कि घर-घर में खौफ हो । यह मप्र की शांति व्यवस्था बिगाडने और आम जन में खौफ पैदा करने का इरादा रखता है। कांग्रेस नेता द्वारा इस वीडियो के जरिए मप्र को राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश है। इस वीडियो पर पूरी तरह रोक लगाकर कांग्रेस नेता मितेंद्र सिंह की एक्स आईडी को स्थायी रूप से बंद कर उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## फर्जी नियुक्ति पत्रों के साथ दो युवकों को पकड़ा, रेलवे के सील लगे मिले दस्तावेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के साथ रतलाम पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा है। इनके पास से रेलवे भर्ती प्रक्रिया के ग्रुप डी व सी के नियुक्ति पत्र मिले है। एक लैपटॉप भी पुलिस ने जब्त किया है। एक पन्ना का है तो दूसरा शहडोल का रहने वाला है। दोनों रतलाम की एक होटल में ठहरे हुए थे।**

स्टेशन रोड थाना के सब इंस्पेक्टर प्रेमसिंह हटिला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डॉट की पुल स्थित एक होटल से दो संदिग्धों को पकड़ा है। एक का नाम प्रकाश (30) पिता जगतप्रसाद लोधी निवासी ग्राम खेरो थाना रेपुरा जिला पन्ना हाल मुकाम गुलमर्ग मार्ग बिचोली मरदाना इंदौर है। दूसरा विमलेंद्र कुमार (36) पिता सूर्यकांत मिश्रा निवासी खुदरी रोड शहडोल है। इनके पास से वेस्टर्न रेलवे के



करीब 20 दस्तावेज मिले है। जो कि रेलवे के फर्जी नियुक्ति पत्र है। जो कि इन्होंने ही तैयार किए है।

यह रतलाम के किसी व्यक्ति के लिए काम करते हैं जो कि रेलवे में नोकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता है। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से एक दिन का पीआर मिला है। इनके पास जो नियुक्ति पत्र मिले है उनमें गैंगमैन से लेकर खलासी व टिकट निरीक्षक पद के शामिल है। थाना स्टेशन रोड पुलिस ने उक्त दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) में केस दर्ज किया है। पुलिस से इनसे पूछताछ कर रही है। रतलाम के साथी की तलाश की जा रही है।

मानसून की विदाई शुरू

## ग्वालियर-चंबल से लौटा, अब उज्जैन की बारी, दिन में गर्मी, रात में ठंड बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। बुधवार को मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी और श्योपुर से मानसून के लौटने की घोषणा कर दी। गुरुवार को उज्जैन संभाग के कुछ जिलों से मानसून विदा हो सकता है। सबसे आखिरी में जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग से विदाई होगी।

सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 4 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) सक्रिय हो रहा है। इस वजह से राज्य के पूर्वी हिस्से से विदाई देरी से होगी।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे यानी गुरुवार को बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर में बूंदाबांदी और गरज-चमक की स्थिति रह सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के बाकी के जिलों में तेज धूप खिलेगी।

### सबसे लेट पहुंचा, सबसे पहले विदा हुआ

एमपी में 21 जून को मानसून एंटर हो गया था। जबलपुर संभाग के रास्ते मानसून आया था।



28 जून को सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल संभाग में मानसून पहुंचा था, लेकिन विदाई सबसे पहले यहीं से हुई है। यहां करीब 95 दिन तक मानसून एक्टिव रहा।

### दिन में गर्मी, रातें ठंडी होने लगेंगी

प्रदेश में 3 दिन से बारिश का दौर थमा है। बुधवार को ग्वालियर और चंबल संभाग से मानसून की विदाई होने के साथ प्रदेश के कई जिलों में गर्मी का असर बढ़ गया। ग्वालियर और खजुराहो में पारा 36.6 डिग्री तो टीकमगढ़ में 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। भोपाल, गुना, रतलाम, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, रीवा में पारा 35 डिग्री के पार रहा। इंदौर में 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, ठंड की दस्तक होने तक दिन गर्म और रातें ठंडी रहेंगी। 20 अक्टूबर से रात में सर्दी बढ़ेगी।

# भोपाल में जल सत्याग्रह करने पहुंचे आउटसोर्स कर्मचारियों को उठा ले गई पुलिस, 7 मांगों को लेकर कर रहे विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। 21 हजार रुपए न्यूनतम वेतन देने समेत 7 मांगों को लेकर प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारी बुधवार को भोपाल में जल सत्याग्रह करने वाले थे, लेकिन इससे पहले पुलिस 5-6 कर्मचारियों को गाड़ी में बैठाकर ले गई। इनका कहना था कि सीएम हाउस में मांगों का ज्ञापन देने जा रहे हैं। दरअसल पुलिस ने कर्मचारियों को शीतलदास की बगिया में प्रदर्शन करने की परमिशन नहीं दी। इसलिए नीलम पार्क में चंद कर्मचारी ही जुटे थे। इस प्रदर्शन में एमपी के 12 हजार से अधिक कर्मचारी शामिल होने वाले थे।

**सरकार की दोहरी नीति और शोषण प्रथा के हुए शिकार**-एनएचएम संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित था। सुबह 11 बजे से नीलम पार्क में कर्मचारी जुटने भी शुरू हो गए थे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया, प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्स कर्मचारी कई साल से सेवा दे रहे हैं, लेकिन 12 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी सरकार की दोहरी नीति और शोषण प्रथा के शिकार हो गए हैं। इसलिए बुधवार को भोपाल में प्रदर्शन किया जाएगा।

### 15 दिन पहले मांगी थी अनुमति, आज कहा आपकी अनुमतियां निरस्त

बुधवार सुबह पुलिस का मैसेज कर्मचारियों तक पहुंचा कि आपकी अनुमतियां निरस्त कर दी गई हैं। आपको यदि नीलम पार्क पर कार्यक्रम करना हो तो मैसेज करें।शीतलदास की बगिया पर जाने पर आपके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद कर्मचारी नीलम पार्क में ही जुटने लगे। प्रदेश अध्यक्ष सिंह ने बताया, हमने 15 दिन पहले ही प्रमुख मांगों को लेकर गांधीवादी तरीके से जल सत्याग्रह करने के लिए परमिशन मांगी थी, जो कल देर रात निरस्त कर दी गई। यह कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है। आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहे हैं। हमें दबाया जा रहा है। हमारी जायज मांगें हैं। अध्यक्ष सिंह ने बताया, हमें पुलिस के साथ कुछ साथी सीएम हाउस पहुंचे थे। ज्ञापन देने के बाद वहां से निकल गए हैं। अब आगे की रणनीति बनाएंगे।

### इन मांगों को लेकर प्रदर्शन

1- सभी कर्मचारियों को विभाग में समक्ष रिक्त पदों पर नियमित किया जाए।

2 - सपोर्ट स्टॉफ डाटा ,एंट्री ऑपरेटर, वार्ड बॉय, आया, सफाईकर्मी, सिक्योरिटी गार्ड, ऑक्सीजन टेक्नीशियन अन्य सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बने और उन्हें न्यूनतम 21 हजार रुपए वेतन दिया जाए।

3- उटसोर्स कर्मचारी के लिए शासन द्वारा 16 हजार 132 रुपए प्रतिमाह अनुसार बजट दिया जाता है, लेकिन अधिकारियों एवं आउटसोर्स कंपनियों की कमीशनखोरी की वजह से सिर्फ साढ़े 5 से 9 हजार रुपए तक ही दिए जा रहे हैं। इस पर कार्रवाई हो।

# संपादकीय

## पूरी दुनिया की नजर भारत पर

आखिरकार ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दाग कर उसे चुनौती दे दी। अभी तक हमास के विरुद्ध इजराइल की जंग को लेकर वह चुप्पी साधे हुए था। मगर जब इजराइल ने लेबनान पर हमला कर हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह और दूसरे नेताओं को मार गिराया तो इजराइल की चेतावनियों को धता बताते हुए ईरान ने उस पर जवाबी मिसाइलें दाग दीं। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि इस हमले से इजराइल में कितना नुकसान हुआ है, मगर इससे इजराइल के पक्ष और विपक्ष में दुनिया के बंट जाने और संघर्ष बढ़ने की आशंकाएं गहरा गई हैं। अमेरिका शुरू से इजराइल का समर्थन करता रहा है। ईरान के हमले के बाद उसने खुल कर कह दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी, उसकी सेनाएं इजराइल की मदद के लिए उतरने को तैयार हैं। कुछ दिनों पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने इजराइल को चेतावनी दी थी कि वह लेबनान पर हमले से बाज आए। बताया जा रहा है कि ईरान ने रूस से बातचीत के बाद ही इजराइल पर मिलसाइलें दागीं। इस तरह यह आशंका बढ़ गई है कि अगर इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ा, तो विश्वयुद्ध की स्थिति बन सकती है। दरअसल, यह संघर्ष फिलिस्तीन को लेकर शुरू हुआ था। लंबे समय से यह विवाद चला आ रहा है, मगर जब हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में उतर कर हमले किए तो इजराइल ने उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इजराइल ने पहले ही फिलिस्तीन का लगभग सारा हिस्सा हथिया लिया था। अब उसने बचे हुए गाजा पट्टी पर भी हमले शुरू कर दिए और एक तरह से फिलिस्तीन का नामोनिशान मिटाने पर तुला है। हमास पर काबू पाने के बाद उसने लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोहियों को नेस्तनाबूद करने की कोशिशें तेज कर दी। सब जानते हैं कि हमास, हिजबुल्लाह और हूती- तीनों संगठनों को ईरान ने पाला-पोसा है। इजराइल इन्हें आतंकी संगठन बताता है, जबकि ईरान उन्हें स्वतंत्रता सेनानी कहता है। जैसा कि इजराइल के रुख से जाहिर है, वह अपने विरुद्ध उठने वाले किसी भी कदम को सख्ती से कुचलने को प्रतिबद्ध है।

**अर्ज़ किया है..!**

*हम ने उस के लब ओ रुख़्सार*
*को छू कर देखा*
*हौसले आग को*
*गुलज़ार बना देते हैं*

- क़ाबिल अजमेरी

**OSHO कहिन**

**सिर्फ भौतिक को ही धमकी दी जा सकती है। जब भौतिक से परे कोई आयाम आपके लिए एक जीवंत अनुभव बन जाता है, फिर कोई डर नहीं रह जाता।**



**धर्म-कर्म**

# नवरात्रि में जलाई जाती है अखंड ज्योति

## 9 दिनों के अंदर बुझ जाए दीया तो क्या करें?



आज से शारदीय नवरात्रि शुरू होने जा रही है। इसी दिन कलश स्थापना भी होगी। नवरात्रि का यह शुभ उत्सव पूरे 10 दिन तक पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा श्रद्धा भाव से लोग करते हैं। जो साधक नवरात्रि पूरे नौ दिन का व्रत रखते हैं वह घर में अखंड ज्योति प्रज्वलित करते हैं। इसके बिना पूजा की शुरुआत अधूरी मानी जाती है। प्रथम दिन कलश स्थापना के बाद अखंड ज्योति जरूर जलानी चाहिए। आइए जानते हैं अखंड ज्योति जलाने के नियम और महत्व क्या हैं।

### अखंड ज्योति जलाने का महत्व

ज्योतिष एवं वास्तु के अनुसार, नवरात्रि के दौरान अखंड ज्योति जलाने से जीवन और मन में व्याप्त अंधकार दूर हो सकता है। इसे जीवन से अंधकार दूर करने का प्रतीक माना जाता है। अगर आप घर में मां दुर्गा की मूर्ति रखकर पूजा करना चाहते हैं तो अखंड ज्योति अवश्य जलाएं और यह ज्योति पूरे नौ दिनों तक जलनी चाहिए। यदि यह बीच में ही बुझ जाए तो अशुभ माना जाता है। जिन लोगों के घर में यह लौ लगातार नौ दिनों तक जलती है, वहां सौभाग्य और समृद्धि आती है। मां दुर्गा की कृपा बनी रहेगी।

### अखंड ज्योति जलाने के खास नियम

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त देखकर कलश का निर्माण करें। पूजा की शुरुआत में अखंड ज्योति जलाने की परंपरा है, लेकिन कुछ नियम भी हैं जिनका पालन करना चाहिए।

अगर आप घर में मां दुर्गा की पूजा करना चाहते हैं तो सिर्फ घी, सरसों का तेल या तिल के तेल का ही दीपक जलाएं।

अगर आप तेल का दीपक जलाना चाहते हैं तो इसे मां दुर्गा की प्रतिमा के दाहिनी ओर रखें। सरसों के तेल का दीपक या तिल के तेल का दीपक जलाते समय उसे माता के बायीं ओर रखें। दीपक को उड़द, चावल या काले तिल पर रखें। प्रकाश की लौ को उत्तर, पूर्व और पश्चिम की ओर निर्देशित करें। दीपक को दक्षिण दिशा में भूलकर भी न रखें।

ध्यान रखें कि दीपक को 9 दिनों तक जलाए रखना चाहिए। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में घी और तेल डालें।

अगर 9 दिन के अंदर दीपक बुझ जाए तो आप मां दुर्गा से माफी मांगकर उसे दोबारा जला सकते हैं।

यदि 9 दिन के बाद भी दीया जल रहा हो तो उसे मुंह से फूँक मारकर न बुझाएं। दीये को स्वतः बुझने दें।

### अखंड ज्योति जलाने के लाभ

नवरात्रि के शुभ अवसर पर पूजा के दौरान मां दुर्गा की मूर्ति के सामने अखंड ज्योत जलाने से जीवन में खुशियां आती हैं। विधि-विधान से पूजा करने पर मां दुर्गा अपने भक्तों को सुखी जीवन जीने का आशीर्वाद देती हैं। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होंगी और आप पर सदैव अपनी कृपा बनाए रखेंगी। घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। समस्याओं और बाधाओं को दूर करता है। आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

New Delhi

# बिहार के पूर्व मंत्री की हत्या मामले में पूर्व विधायक समेत दो को आजीवन कारावास; पूर्व सांसद सूरजभान बरी

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की 1998 में हुई हत्या के मामले में सजा का एलान किया। कोर्ट ने पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जस्टिस संजीव खन्ना, संजय कुमार और आर महादेवन की पीठ ने सभी आरोपियों को बरी करने के पटना हाईकोर्ट के फैसले को आंशिक रूप से खारिज कर दिया।

कोर्ट ने दोषियों मंटू तिवारी और पूर्व विधायक शुक्ला को 15 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा। हालांकि, शीर्ष कोर्ट ने पूर्व सांसद सूरजभान सिंह समेत छह अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए हाईकोर्ट



के आदेश के अनुसार उन्हें बरी करने के फैसले को बरकरार रखा। पीठ ने कहा कि मंटू और विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत आरोप साबित होते। उन्हें 15 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करना होगा। इससे पहले 24 जुलाई 2014 को हाईकोर्ट ने कहा था कि अभियोजन पक्ष के सबूतों और गवाहों को मद्देनजर रखते हुए सूरजभान सिंह उर्फ सूरज सिंह, मुकेश सिंह, लल्लन सिंह, मंटू तिवारी, कैप्टन सुनील सिंह, राम निरंजन चौधरी, शशि कुमार राय, मुन्ना शुक्ला और राजन तिवारी संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने निचली अदालत के 12 अगस्त 2009 के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया था और सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

Jharkhand

## रात में आदिवासी महिला से मिलने आया ASI, ग्रामीणों ने बंधक बनाकर बिजली के खंभे से बांधा



**गोड्डा**. झारखंड के गोड्डा में अवैध संबंध के शक में ग्रामीणों ने पथरगामा थाना के पूर्व एएसआई रामलाल टुडू को बंधक बना लिया. ग्रामीणों का आरोप है कि टुडू अक्सर आधी रात को एक महिला के पास आता था, जिसे लेकर गांव में काफी नाराजगी थी. ग्रामीणों ने एएसआई रामलाल टुडू को पकड़ कर रातभर बिजली के खंभे से बांधे रखा.

ग्रामीणों के अनुसार एएसआई रामलाल टुडू मंगलवार रात 12 बजे के करीब गांव में अपने आदिवासी महिला मित्र से मिलने आया था. आपत्तिजनक हालत में उसे महिला के साथ पकड़ा और जमकर पिटाई कर दी. इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि टुडू काफी पहले से इस महिला के घर रात बिताने आ रहा था और अपनी पहचान छुपाने के लिए बाइक भी दूर खड़ी कर देता था. इस बार उसे रंगे हाथों पकड़ लिया.

घटना की सूचना मिलते ही कई थानों के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई घंटों की मशक्कत के बाद एएसआई को ग्रामीणों से मुक्त कराया. गोड्डा के डीएसपी विनेश लाल ने बताया कि एएसआई को सकुशल बचा लिया गया है और उन्हें टाउन थाना ले जाया गया है. पुलिस का कहना है कि टुडू शराब पीने के लिए गांव में गए थे. जबकि गांव वालों ने बताया कि उनका किसी महिला के साथ अवैध संबंध है.

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

Bihar

## मुंगेर में मॉर्निंग वॉक पर निकले RJD के प्रदेश महासचिव को बेखौफ बदमाशों ने मारी गोली

**मुंगेर**. बिहार के मुंगेर में बेखौफ अपराधियों ने राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को गोली मार दी. उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है. आरजेडी नेता सुबह जब मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया. यह घटना सफिया सराय थाना इलाके के हवाई अड्डा मैदान की है. गुरुवार की सुबह जब आरजेडी नेता पंकज यादव मॉर्निंग वॉक पर निकले तो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी. उन्हें गंभीर हालत में प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. हालांकि अबतक सामने नहीं आया है कि आरजेडी नेता को किसने और क्यों गोली मारी.   इस घटना पर आरजेडी नेता एजाज़ अहमद ने कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को टारगेट किया जा रहा है. सुशासन खत्म हो चुका है, जिस तरह उत्तर प्रदेश में खास लोगों को निशाना बनाया जा रहा है उसी रास्ते पर बिहार है. उत्तर प्रदेश और बिहार में अब कोई अंतर नहीं रह गया है. जानबूझकर विपक्षी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है.

New Delhi

## 16-17 साल के लड़कों ने दिल्ली में डॉक्टर को मारी गोली, एक दिन पहले भी कराया इलाज

नई दिल्ली। दिल्ली के जैतपुर इलाके में स्थित नर्सिंग होम में एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मरहम-पट्टी कराने आए दो लड़कों ने डॉक्टर को नजदीक से सिर में गोली मार दी। मौके पर ही डॉक्टर जावेद ने दम तोड़ दिया। हैरानी की बात यह है कि आरोपी महज 16-17 साल के बताए जा रहे हैं। एक दिन पहले भी दोनों 'नीमा हॉस्पिटल' नाम के नर्सिंग होम में इलाज कराने आए थे।

दिल्ली पुलिस को गुरुवार रात 1:45 बजे पीसीआर पर एक कॉल मिली। कॉल करने वाले ने कहा-अस्पताल में एक डॉक्टर को गोली मारी है और हम पड़ोसी बोल रहे हैं। पता नहीं वह जिंदा हैं या नहीं। सूचना के तुरंत बाद पुलिस तीन बेड वाले नीमा हॉस्पिटल नाम के नर्सिंग होम में पहुंची। यहां डॉक्टर जावेद अपनी कुर्सी पर थे और सिर टेबल पर झुका था। सिर से काफी खून निकल रहा था।

पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि 16-17 साल के दो लड़के करीब एक बजे नर्सिंग होम में आए। इसमें से एक ने अपने अपने पैर की अंगुली में ड्रेसिंग बदलने को कहा। इसी नर्सिंग होम में पिछली रात भी उसने ड्रेसिंग कराई थी। नर्सिंग स्टाफ मोहम्मद कमील ने ड्रेसिंग की। इसके बाद दोनों दवा की पर्ची के लिए यूनानी प्रैक्टिशनर (BUMS) जावेद के केबिन में गए। कुछ देर बाद नर्सिंग स्टाफ गजाला प्रवीण और मोहम्मद कमील ने गोली चलने की आवाज सुनी। दोनों केबिन में पहुंचे तो डॉक्टर जावेद को खून में लथपथ पाया। उनके सिर के बाईं ओर से खून निकल रहा था।

पुलिस ने बताया कि दोनों लड़के एक दिन पहले भी अस्पताल में आए थे और ड्रेसिंग कराई थी।

खेल

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : अश्विन को पीछे छोड़कर बुमराह बने टेस्ट रैंकिंग के नए बादशाह, जायसवाल-कोहली ने भी लगाई छलांग

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। दिग्गज गेंदबाज ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने सनसनीखेज प्रदर्शन के दम पर आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को भी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है।



### बुमराह बने नए बादशाह

भारत और बांग्लादेश के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में तेज गेंदबाज ने 11 विकेट चटकाए थे। अब उन्हें इसका फायदा मिला है। एक स्थान की छलांग लगाकर वह शीर्ष पर पहुंच गए। अब उनके 870 प्वॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, अश्विन दूसरे पायदान पर खिसक गए। उनके खाते में 869 अंक हैं।

### पहले भी शीर्ष पर काबिज हो चुके बुमराह

यह दूसरा मौका है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। इससे पहले इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद तेज गेंदबाज ने पहला स्थान हासिल किया था। तब उन्हें तीन स्थानों का फायदा हुआ था। वह शीर्ष टेस्ट गेंदबाज बनने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए थे। उनसे पहले पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव टेस्ट गेंदबाजों में सर्वोच्च रैंकिंग हासिल करने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज थे। वह दिसंबर, 1979 से फरवरी, 1980 के बीच दूसरे स्थान पर रहे थे।

### बांग्लादेश के इन गेंदबाजों को भी हुआ फायदा

कानपुर टेस्ट में बुमराह ने कुल सात विकेट हासिल किए, जबकि अश्विन को पांच सफलता मिलीं। वहीं, बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज चार स्थान के फायदे के साथ 18वें पर पहुंच गए जबकि अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्हें पांच स्थानों का फायदा हुआ है।

### जायसवाल तीसरे स्थान पर पहुंचे

बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो स्थानों के फायदे के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। अब उनके 792 अंक हो गए। चार पारियों में उन्होंने 47.25 के औसत से 189 रन बनाए। इस दौरान 22 वर्षीय बल्लेबाज ने तीन अर्धशतक लगाए। बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर जो रूट का कब्जा है जबकि दूसरे स्थान पर केन विलियमसन बने हुए हैं।

सिनेमा

## Bigg Boss 18: निया शर्मा ने 'बिग बॉस 18' के लिए बढ़ाई अपनी फीस, हर दिन मिलेंगे इतने लाख रुपये



निया शर्मा रिएलिटी शो 'बिग बॉस 18' की पहली कन्फर्म कंटेस्टेंट हैं। 'खतरों के खिलाड़ी 14' के ग्रैंड फिनाले में शो के होस्ट रोहित शेट्टी ने खुद इस बात की घोषणा की थी। बता दें, निया ने 'बिग बॉस 18' के लिए अपनी फीस बढ़ा दी है। सामने आ रही रिपोर्ट के मुताबिक, निया ने 'बिग बॉस 18' के लिए 'लाफ्टर शेफ' से चार गुना ज्यादा फीस पर 'हां' कहा है। Siasat की रिपोर्ट के मुताबिक, निया शर्मा को 'बिग बॉस' के मेकर्स हर दिन 5.40 लाख रुपये देंगे। यानि एक्ट्रेस 'बिग बॉस' के घर में रहते हुए हर हफ्ते 37 लाख 80 हजार रुपये की कमाई करेंगी। बता दें, 'बिग बॉस' से पहले निया को 'लाफ्टर शेफ' में देखा गया था। उन्होंने इस शो को करने के लिए मेकर्स से 75,000 से लेकर 1.25 लाख रुपये (पर एपिसोड) लिए थे। कुछ रिपोट्र्स में दावा किया जा रहा है कि निया शो की सबसे महंगी कंटेस्टेंट हैं। हालांकि, अभी तक न तो शो के अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम सामने आए हैं और न ही उनकी फीस का खुलासा हुआ है। ऐसे में निया को शो का सबसे महंगा कंटेस्टेंट बताना जल्द बाजी होगी। मीडिया को 'बिग बॉस' से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि बिग बॉस के मेकर्स ने निया शर्मा के साथ सिर्फ 15 दिनों का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है।

## Highlights

1. **AAP candidate Amar quits before Haryana polls, joins Congress**
2. **Class 9 student going to tuition dies after being hit by JCB in Kolkata**
3. **Who's IFS officer Manoj, the 1st working chief of Kishor's party?**
4. **Bangladesh recalls ambassadors from India, UN & 3 other nations**
5. **Mohammed Azharuddin summoned by ED in ₹20-crore money laundering case**

# Warren Buffett may target Japanese banks, insurer shares: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Market watchers are saying that Warren Buffett may be looking to buy Japanese financial firms and shipping companies as Berkshire Hathaway Inc.'s return to the yen bond markets fuels speculation he's raising money to build stakes in value stocks.




The billionaire's company this week mandated banks to manage a yen bond sale in the global market, in a sign he may increase holdings in Japan. Most of his previous investment in Japanese equities was financed through yen bonds, Buffett said in his annual letter in February.

Eiji Kinouchi, chief technical analyst at Daiwa Securities Co., sees potential for insurers and shippers to be Buffett's next picks. While trading companies rose on news of the bond sale, they did not beat the broader market by a wide margin, he wrote in a research note this week. Instead, shippers and insurance stocks have been some of the top gainers in the Topix since August and may fit Buffett's value investment strategy, he said.

"If it's not a trading company, it will have a big impact on the whole market," Kinouchi said.

The renewed presence of Buffett, known as the Oracle of Omaha, may provide a cheer for Japanese stocks as his endorsement to the five major trading houses helped propel the Nikkei 225 Stock Average to a record high earlier this year. Should Berkshire's choice widen to other sectors, it will be a supporting factor for a market that's seen intense volatility in recent months due to political uncertainty and currency fluctuations.

Berkshire didn't immediately respond to a request for comment outside of regular hours in the US.

# OpenAI asks investors not to back Rival startups like Elon Musk's xAI

**NEW DEIHI, (Agency).** As global investors such as Thrive Capital and Tiger Global invest $6.6 billion in OpenAI, the ChatGPT-maker sought a commitment beyond just capital — they also wanted investors to refrain from funding five companies they perceive as close competitors, sources told Reuters.



The list of companies includes rivals developing large language models such as Anthropic and Elon Musk's xAI. OpenAI's co-founder Ilya Sutskever's new company, Safe Superintelligence (SSI), is also on the list. These companies are racing against OpenAI to build large language models, which requires billions in funding.

Two AI applications firms, including AI search startup Perplexity and enterprise search firm Glean, were also named in OpenAI's conversation with investors, suggesting OpenAI plans to sell more of its tools to enterprises and end users as it makes ambitious revenue growth projection to $11.6 billion in 2025 from $3.7 billion this year.

# दो बार पलटी कारएक महिला और दो बच्चे घायल

## हादसे के दौरान पास से गुजर रही बाइक पर चढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू तहसील के किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले महू-इंदौर रोड़ पर पिगडंबर में तेज रफ्तार से जा रही किया कंपनी की कार के पलटने की घटना में एक महिला और दो बच्चों के गंभीर रूप से घायल हो गए। कार 2 बार पलटी खा गई और पास से जा रही बाइक पर चढ़ गई। इस हादसे में बाइक सवार महिला और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल भेजा।**

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी युवराज सिंह ठाकुर ने बताया कि किया कंपनी की कार तेज रफ्तार आ रही थी। इस दौरान कार में सवार व्यक्ति ने कार के हैंड ब्रेक लगा दिए, जिसके चलते कार दो बार पलटी खाकर पास से गुजर रही बाइक पर चढ़ गई। हादसा देख कर सभी लोग तत्काल कार के पास भागे और घायल महिला और दो बच्चों को निजी गाडिय़ों से इंदौर अस्पताल भेजा। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में महिला कार के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हो गई।

मामले में किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि हादसे की जानकारी लगते ही तत्काल मौके पर फोर्स भेज दिया है। बीच रोड पर पलटी कार को साइड में करवाया गया। साथ ही कार चालक का भी पता लगाया जा रहा है।

## लैंगिक अपराधियों के खिलाफ चलाया अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। यौन अपराधियों के रिकॉर्ड संकलन, डोजियर भरवाने के साथ-साथ उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई बुधवार से शुरू की। सांवेर थाना प्रभारी कमल सिंह गेहलोद ने बताया कि महिलाओं व बच्चायिों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने तथा यौन अपराधियों में भय स्थापित करने के उद्देश्य से अभियान प्रारंभ किया गया है। पुलिस थाने पर 85 आरोपियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इसमें बिंदुवार अपराधों के स्थाई एवं वर्तमान निवास स्थान का पता, उनके मित्र संगत व्यवसाय कार्यस्थल, पारिवारिक स्थिति, अपराधिक रिकॉर्ड और जमानत संबंधी ब्यौरा तैयार कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने सोशल मीडिया पर भ्रामक मैसेज वायरल करने के आरोप में युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर केस दर्ज किया है। बीजेपी विधि प्रकोष्ठ के संयोजक ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी। क्राइम ब्रांच ने भारतीय जनता पार्टी के संयोजक निमिष पाठक की शिकायत पर युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेश दर्शन सिंह पर केस दर्ज किया है।

क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक शिकायत में बताया गया है कि सीएम की लाड़ली लक्ष्मी योजना को लेकर मितेश के ट्विटर अंकाउट पर भ्रामक तरीके से वीडियो जारी किया है। जिसमें योजना का मजाक उड़ाया है। यह राष्ट्रदोह की श्रेणी में आता है। इस वीडियो में भाषा का चयन करते हुए भी देशभर में गलत मैसेज कर शांति व्यवस्था को बिगाडऩे की बात कही गई है। निमिष ने क्राइम ब्रांच को पेन ड्राइव में पूरा वीडियो भी दिया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।




Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल / यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है )

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक